5 korba-pg1_Layout 1 5/6/2024 12:20 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 6 मई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


3

वेबपुल शुरू होने के साथ ही मारामारी के हालात, भीतर जाने के लिए करनी पड़ी मेहनत



## खबर संक्षेप

### सीजी बोर्ड के नतीजे 9 या 10 मई को आएंगे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 9 या 10 मई को घोषित कर सकता है। दोनों परीक्षाओं का रिजल्ट तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है। दरअसल, माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया है। कोशिश है कि, रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो। इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है, जिससे किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप-10 की सूची भी जारी किए जाएंगे। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं का रिजल्ट पिछले पांच सालों में करीब 7 फीसदी तक बढ़ा है। जबकि 12वीं में सफल होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 1.53 फीसदी तक बढ़ा है। साल 2020 और इसके बाद के वर्षों में 10वीं के नतीजे 70 प्रतिशत से ज्यादा रहे हैं। पिछली बार तो 75 फीसदी छात्र पास हुए थे। इस बार भी दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट बेहतर होने का अनुमान है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 13 से

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना ने 02/2024 बैच के लिए अग्निवीर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से न्यूनतम 50% अंकों के साथ 10वीं पास होना चाहिए। चयन के लिए उम्मीदवारों को पहले लिखित एग्जाम, फिजिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट से गुजरना होगा। इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा। परीक्षा में प्रश्न पत्र कंप्यूटर आधारित होगा जिसमें कुल 100 प्रश्न होंगे। हर प्रश्न 01 अंक का होगा। प्रश्न पत्र में चार भाग अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामान्य जागरूकता शामिल होंगे। परीक्षा की अवधि एक घंटा होगी।

### डॉक्टर बनने की चाह लेकर नीट यूजी परीक्षा में शामिल हुए छात्र

**जांजगीर-चांपा।** मेडिकल कालेजों में प्रवेश को लेकर नीट यूजी परीक्षा का आयोजन रविवार को जांजगीर-चांपा जिले के तीन स्कूलो में किया गया। जहां हजारो छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद केन्द्रों के बाहर जाम की स्थिति निर्मित हुई। गौरतलब है कि रविवार 5 मई को मेडिकल कालेजो में प्रवेश के पूर्व नीट यूजी अर्थात नेशनल इलिजिबिलिटी कम इंट्रेस परीक्षा का आयोजन जांजगीर जिले के तीन प्राइवेट स्कूल जिनमें गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल बनारी, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल चाम्पा में किया गया। परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 1 हजार 396 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किया था, जिसमें से हजारो की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मेडिकल कालेजों में प्रवेश की तैयारी कक्षा 11 वी से प्रारंभ हो जाती है। मेडिकल के नीट परीक्षा में सफल होकर डाक्टर बनना हर छात्र-छात्राओ का सपना होता है। परीक्षा देने वाले छात्रों को नीट यूजी की परीक्षा पास करना आसान नहीं रहता। एक तरह से देखा जाए तो सलेक्शन का आंकडा 25 अनुपात 1 होता है। याने 25 छात्रों में से औसतन 1 का सलेक्शन नीट में डाक्टर बनने के लिए हो पाता है।

### बसें चलीं चुनाव कराने बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा चुनाव को लेकर यात्री बसों को लगा दिया गया है, जिसके कारण बस के माध्यम से आवाजाही करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इस तरह की समस्या तीन दिनों तक बनी रहेगी। चुनाव के लिए करीब 350 वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। गौरतलब है कि तीसरे चरण के तहत मंगलवार 7 मई को जांजगीर-चांपा लोकसभा में मतदान होगा। इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

# बांगो जाने के लिए इस साल भी पर्यटकों को तय करनी पड़ेगी लंबी दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध तक पहुंचने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा पोड़ी से बांगो के बीच सड़क बनाने के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक यह मार्ग आम लोगों के लिए सुलभ नहीं हो पाया है। 3 करोड़ की लागत से बनने वाले इस मार्ग के लिए विभाग ने फिर से टेंडर की प्रक्रिया की थी लेकिन एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। बताया जाता है। अधिक दर पर टेंडर डालने की वजह से ठेका फिर से निरस्त होने की संभावना है जिससे ऐसा लग रहा है कि इस साल भी यह मार्ग बन पाना मुश्किल ही नजर आ रहा है।

अलग खबर

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर प्रदेश का सबसे बड़ा बांध बांगो बांध है। जिसके पानी से प्रदेश के कई जिलों के विद्युत संयंत्र संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर कई जिलों के किसानों के खेती किसानी का काम होता है इसलिए बांध कितना महत्वपूर्ण है यह सहज ही समझा जा सकता है। वहीं बारिश के समय जब बांगो बांध के इलाके में लगातार पानी आने का सिलसिला शुरू होता है तो बांगो बांध के पानी को कंट्रोल करने के लिए बांगो बांध के गेट खोले जाते हैं। जिसके नजारे को कैमरे में कैद करने के लिए व पर्यटक का मजा लेने के लिए दूर-दूर से प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग यहां आते हैं लेकिन पोड़ी से बांगो के बीच की दूरी लगभग 6 किलोमीटर है इस 6 किलोमीटर की सड़क बनाने के लिए जल संसाधन विभाग प्रयास में लगा हुआ था लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। 3 साल पूर्व विभाग ने ठेकेदार को सड़क बनाने का काम तो दे दिया था लेकिन ठेकेदार ने बीच रास्ते में ही काम बंद कर दिया था जिसके चलते विभाग द्वारा पुनः टेंडर किया गया था। जिसके लिए अंबिकापुर की एक ठेका कंपनी ने लगभग 19 ⏭ शेष पेज 2 पर

### जल संसाधन विभाग ने पुराने ठेकेदार का काम निरस्त कर बुलाया था नया टेंडर

**खास बातें**

- पोड़ी बांगों को बीच 6 किलोमीटर के बीच बनेगी सड़क, अधिक दर में भरा गया टेंडर



## पीडब्ल्यूडी ने स्टीमेट को स्वीकृति के लिए भेजा शासन को

# पुरातत्व संग्रहालय भवन का बदलेगा स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पुरातत्व संपदा को संग्रहित कर बनाए गए संग्रहलय भवन का अब स्वरुप बदलने जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने नए स्वरुप के स्टीमेट को तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा है। स्वीकृति पश्चात संग्रहालय भवन की तस्वीर बदलने का कार्य विभाग के द्वारा किया जाएगा। वर्तमान में भवन मरम्मत की बाट जोह रहा है। वहीं सामान भ सुरक्षित नहीं है।

घंटाघर में बनाए गए पुरातत्व संग्रहालय भवन के निर्माण के बाद से न तो उसके जीर्णोद्वार का कार्य हुआ और न ही उसके रंग रोगन के कार्य किए गए। उक्त पुराने भवन में ही पुरातत्व संग्रहालय संचालित किया जाने लगा। बिना रंग रोगन और जीर्णोद्वारा की बाट जोहने वाला संग्रहालय का भवन स्वयं एक जर्जर भवन जैसा नजर आ रहा था। बारिश में छत से सीपेज होता पानी, दीवारों में दरारे भवन की पहचान बन चुकी थी। जनवरी माह में भवन के नए स्वरुप के कार्ययोजना तैयार करते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने लोक निर्माण विभाग को संग्रहालय भवन को नए कलेवर देने की जिम्मेदारी दी। अनुविभागीय अधिकारी राम नरेश दुबे और दो उप अभियंताओं की ⏭ शेष पेज 2 पर




### कर्मचारियों का मोहताज है भवन

संग्रहालय भवन की सुरक्षा का अंदाजा इसी बात से ही लगाया जा सकता है कि एक वर्ष पूर्व कुछ पुरातत्व सामग्रियां चोरी चली गई थी। जिसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को तो पकड़ लिया किंतु चोरी गई सामग्रियां अभी संग्रहालय को वापस नहीं की गई है। पूरा भवन कर्मचारियों का मोहताज है। महज एक मागदर्शक के भरोसे संग्रहालय भवन संचालित हो रहा है। सफाई व्यवस्था भी व्यवस्थित नहीं है, कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं होने का नतीजा है कि संग्रहालय भवन स्वयं एक पुराने जर्जर भवन जैसे नजर आता है। दूर से देखने में एक भवन ही नजर आता है जिसे देखकर अंदाजा लगाना ही मुश्किल होता है कि इस भवन में कोई संग्रहालय भी संचालित है।

### स्टीमेट तैयार कर लिया गया

संग्रहालय भवन काफी जगह से जर्जर है। इसे नए स्वरुप देने में एक बड़े बजट की राशि खर्च हो रही है। जिसका स्टीमेट तैयार कर लिया गया है। स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। स्वीकृति पश्चात इसपर आगे कार्य होगा।

**-रामनरेश दुबे**, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग

# एमएमडीआर एक्ट से करतला के नार्थ साउथ कोल ब्लॉक में होगा कोयला खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के बाद 9 वें दौर की बोली में शामिल देश के 27 कोल ब्लॉकों का आवंटन होगा।

**खास बातें**

- चुनाव परिणाम के बाद कोल ब्लाक आबंटन प्रक्रिया होगी शुरू
- सालाना कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय कर की जाएगी नीलामी

आचार संहिता के कारण आवंटन में देरी हुई है। जिले के करतला के साउथ व नार्थ कोल ब्लॉक के अलावा 8 कोल ब्लॉक भी शामिल है, जिसे कोल माइंस स्पेशल प्रोविशंस (सीएमएसपी) और माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट रेगुलेशन एक्ट से निजी कंपनियों को आवंटित कर कोयला खनन की अनुमति देने की है।

उद्योगों की कोयला जरूरतें आयातित कोयले से पूरी की जाती है। कोयला के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के उद्देश्य से कैप्टिव व कमर्शियल माइनिंग से कोयला खनन को अनुमति दी जा चुकी है। इसके तहत अब देश के कोल ब्लॉकों को सालाना कोयला उत्पादन का लक्ष्य तय कर निजी कंपनियों को कोयला खनन करने दे रहे हैं। 8 वें दौर की बोली में छत्तीसगढ़ के एक भी कोल ब्लॉक को शामिल नहीं किया था। मगर 9 वें दौर के कोल ब्लॉक की सूची में छत्तीसगढ़ के 8 कोल ब्लॉकों में करतला के नार्थ व साउथ कोल ब्लॉक भी शामिल किए हैं। ब्लॉकों का आवंटन अब ⏭ शेष पेज 2 पर

# रावा घाट पर नहीं चढ़ पाई पिकअप, अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पिकअप वाहन में लगभग एक दर्जन लोग सवार होकर साप्ताहिक बाजार के लिए जा रहे थे कि घाट में पिकअप वाहन चढ़ नहीं पाई और अनियंत्रित होकर लुढ़कते हुए पलट गई। इस हादसे में पिकअप वाहन में दबने से दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने इस मामले में चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरू कर दी है।

**खास बात**

- साप्ताहिक बाजार के लिए सामान लेकर पहाड़गांव जा रहे थे सभी लोग

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवास करने वाले अजय अग्रवाल अपने पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 4519 में सवार होकर राशन सामान सहित लगभग एक दर्जन लोगों को लेकर हमेशा की तरह साप्ताहिक बाजार के लिए पहाड़ गांव के लिए रवाना हुए थे। बताया जाता है कि दोपहर लगभग 12 बजे उक्त पिकअप वाहन जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रावा घाट पर पहुंची थी कि पिकअप वाहन घाट में नहीं चढ़ नहीं पाई और अनियंत्रित होते हुए सीधे पीछे लुढ़कते हुए गड्ढे में जा गिरी और पिकअप में दबने से तुमान निवासी सोभनाथ धोबी 50 वर्ष पिता रामचरण धोबी, पुरानी बस्ती कटघोरा निवासी ओम प्रकाश जायसवाल 45 वर्ष पिता अवनीश जायसवाल की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को आनन फानन में उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है।



खाईं में पलटी पिकअप।

### हाईवा की टक्कर से मासूम की मौत

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया निवासी इंदर सिंह आयाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 4 मई की सुबह लगभग 6:30 बजे के लगभग इसके बड़साला की पुत्री कु एकता ध्रुव जो बचपन से इंदर आयाम के पास रहती है और उसका पुत्र निश्चंत सिंह के साथ सायकल से मर्निंग वक पर सीपत पारा रोड तरफ गए हुए थे। सुबह करीब 7 बजे ग्राम समलई सीपत पारा रोड में हाईवे क्रमांक सीजी 31 बी 1762 के चालक ने अपनी वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे कु एकता ध्रुव की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले हाईवा के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### मतदान के लिए जा रहे थे गांव, हादसे के शिकार, एक की मौत, दो घायल

एक निजी कंपनी में डेंटिंग पेंटिंग का काम करने वाले दो सगे भाई सहित कुल तीन लोग मोटरसाइकिल में सवार होकर लोकसभा चुनाव में मतदान में सहभागिता निभाने के लिए अपने गृह ग्राम के लिए रवाना हुए थे कि बीच रास्ते में मवेशी को बचाने के फेर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो और मवेशी से जा टकराया। जिससे हादसे में एक की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार जिला बिलासपुर परसाही निवासी रूपेश कुर्रे 25 वर्ष पिता राम अवतार कुर्रे व उसका भाई कमलेश कुर्रे 32 वर्ष पिता रामावतार व उसी गांव में निवास करने वाले शैलेंद्र 18 वर्ष पिता जयप्रकाश अंगारे पड़ोसी जिले सूरजपुर में एक निजी कंपनी में डेंटिंग पेंटिंग का काम करते हैं। बताया जाता है कि तीनों युवक मोटरसाइकिल में सवार होकर लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए सूरजपुर जिले से परसाई अपने गृहग्राम जा रहे थे कि बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरसिया के समीप पहुंचे थे कि उनके बाइक के सामने अचानक मवेशी आ गई मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक नियंत्रित हो गई और तीनों मोटरसाइकिल से सीधे नीचे गिर पड़े। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने रूपेश कुर्रे को मृत घोषित कर दिया जबकि कमलेश व शैलेंद्र घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एसईसीएल से प्रभावित 9 गांव के प्रभावितों ने किया चुनाव बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के 9 गांवों के भू-विस्थापितों ने 7 मई को मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। दरअसल एसईसीएल ने ग्रामीणों की पुश्तैनी जमीन का कोयला खदान संचालित करने के लिए अधिग्रहण तो किया, लेकिन वादे के मुताबिक उन्हें नौकरी और मुआवजा नहीं दिया गया।

**खास बात**

- जमीन अधिगह्रण के बदले नौकरी व मुआवजा की मांग को लेकर खोला मोर्चा

प्रभावित गांव के भूविस्थापितों ने अधिकारियों के काफी चक्कर लगाए, लेकिन उनकी समस्याओं पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। न तो उन्हें उनकी जमीन का मुआवजा ही मिला और न नौकरी। अब 9 गांवों के नाराज भू-विस्थापितों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 9 गांवों के भू-विस्थापितों ने बैठक कर ये फैसला लिया है। पाली पड़निया में आयोजित इस बैठक में खदान के कारण प्रभावित हुए जटराज, सोनपुरी, खोडरी, आमगांव, खैरभवना, कनवेरी, रिसदी, दुरपा के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में इस बात को लेकर नाराजगी जताई गई कि देश के लिए कोयला की जरूरत की बात कर उनकी जमीन नाममात्र की राशि में ले ली गई। उन्हें नौकरी और भूमि विस्थापन का अन्य लाभ नहीं दिया गया।यहां तक कि अभी भी कई परिवार ऐसे हैं, जिन्हें मुआवजा तक नहीं दिया गया है। वे लंबे समय से न्याय की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी ओर ना तो एसईसीएल प्रबंधन का ध्यान है और ना ही जिला प्रशासन का। इतना ही नहीं जनता के वोट मांगने वाले नेता भी भू-विस्थापितों की समस्या को लेकर आंख बंद किए हुए हैं। बता दें कि कोरबा में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। यहां बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय और कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत के बीच सीधा मुकाबला है।



बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

## पीएम मोदी से प्रेरणा लेकर रोज कर रहीं 400 किलोमीटर का सफर

# क्षेत्र की जनता की आंखों में मैंने देखी है विकास की उम्मीद : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रेरणापुंज हैं, उनकी प्रेरणा हम सबको प्रोत्साहित करती है। उनकी प्रेरणा ही है कि मैं 19 घंटे बिना थके प्रचार कर मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचा पा रही हूं। प्रचार के दौरान मैंने देखा है कि जनता की आंखों में विकास की एक उम्मीद है। उस उम्मीद पर मैं खरा उतरने का प्रयास कर रही हूं।

इस संकल्प के साथ कोरबा लोकसभा सीट की भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ढाई माह से जनता के बीच दस्तक दे रही हैं। भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अब तक रोजाना 3 से 4 सौ किलोमीटर का सफर कर 5 लाख मतदाताओं से सीधे रूबरू हो चुकी हैं। उनके दिन की शुरूआत सुबह छह बजे से चाय पर चर्चा के साथ होती है। रात एक बजे तक प्रचार और मुलाकात का दौर जारी रहता है। बिना थके 19 घंटे प्रचार करने की ताकत कैसे मिलती है? इस सवाल पर उनका कहना है कि उन्हें मोदी जी से प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह से कठिन परिश्रम और समाजसेवा के लिए अपने आपको न्योछावर कर चुके हैं। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए जनसेवा का मौका मिल रहा है। लोगों से सीधे मिलकर उनका हालचाल जानने वाली भाजपा प्रत्याशी सरोज का कहना है कि इन 80 दिनों में 4 सौ से ज्यादा नुक्कड़ सभाएं भी ले चुकी हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के कारण उनकी सभाओं में स्वस्फूर्त भीड़ उमड़ रही है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना असर है कि उन्हें महिलाओं का अपार समर्थन और अभिनंदन मिल रहा है। जिन गांवों में समय की कमी के कारण वे नहीं पहुंच पाई हैं उन गांवों तक भाजपा के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं।



भाजपा का हर एक कार्यकर्ता प्रत्याशी है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में वह पहुंची नहीं हैं भविष्य में जरूर कार्यकतार्ओं के साथ पहुंचेंगी।

वैसे भी केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कटघोरा में आयोजित जनसभा में कह चुके हैं कि सरोज पांडेय उनके गांव इतनी बार पहुंचेगी कि ग्रामीण भी हैरत में पड़ जाएंगे।

### जन जन तक पहुंचा रही हूं मोदी की गारंटी

सुश्री पांडेय ने बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार ने 10 वर्ष के कार्यकाल में एक से बड़ी एक उपलब्धि हासिल की है। इन्हीं उपलब्धियों को लेकर वे जनता के बीच जा रही हैं। उनका कहना है कि वे लापता सांसद की निष्क्रियता कोरबा लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठा रही हैं। कोरबा लोकसभा में लॉ कालेज, माइनिंग कालेज की स्थापना हो इसका प्रयास किया जाएगा। आयुष एम्स की स्थापना भी क्षेत्र में होनी चाहिए।चिरमिरी को औद्योगिक कॉरिडोर, लोकसभा क्षेत्र को मुख्य रेल मार्ग से जोड़ने, 24 घंटे बिजली उपलब्धता, कोरबा में एल्यूमिनियम पार्क, पर्यटन उद्योग, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, भरतपुर सोनहत में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने मोदी की गारंटियों को तीन माह में ही पूरा कर दिखाया है। उस आधार पर जनता के बीच जा रही हू और जनता के समर्थन के साथ अपनापन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें क्षेत्रों का दौरा करने का मौका मिला। जिसमें देखा कि सर्वाधिक राजस्व कमाने वाले जिले के लोगों को विकास ने छुआ तक नहीं है। ग्रामीणों में पिछड़ापन है। बिजली, पानी, सड़क की समस्या है। इसी समस्या को दूर करने मैंने प्रत्येक ग्राम पंचायत को 25-25 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की है।

### युवक की अचानक बिगड़ी तबीयत, मौत

**कोरबा।** एक युवक अपने साथियों के साथ चार फल तोड़ने के लिए जंगल गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ी और उसे आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है या स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि संभवत अत्याधिक धूप में घूमने की वजह से उसकी तबीयत बिगड़ी थी जिससे उसकी मौत हुई होगी। मामला बांगो थाना क्षेत्र के लालपुर खिर्री आमा निवासी गणेश उरांव 32 वर्ष पिता स्व बुधराम उरावं अपने साथियों के साथ चार फल तोड़ने के लिए पास के जंगल में गया हुआ था जहां से वापस लौट के दौरान गणेशाराम उरांव की तबीयत बिगड़ी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### आज होगा मतदान सामग्री का वितरण

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन हेतु जिला निर्वाचन विभाग की तैयारियां जोरों पर हैं। मतदान से एक दिन पहले दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके लिए विधानसभावार वितरण की व्यवस्था की गई है। विधानसभा कोरबा एवं रामपुर के मतदान दलों को आईटी कॉलेज से एवं कटघोरा व पाली तानाखार विधानसभा के दलों को कटघोरा के मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय से सामग्री वितरित की जाएगी। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने रविवार को आईटी कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम में 6 मई को किए जाने वाले निर्वाचन सामग्री वितरण की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों के प्रवेश, उनकी वाहन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण के लिए बनाए गए काउंटर इत्यादि व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने गर्मी को ध्यान में रखकर आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए, जिससे मतदान दल आराम से सामग्री लेकर रवाना हो सकें। आईटी कॉलेज के स्ट्रांग रूम में विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में सामग्री वितरण कार्य का ड्राई रन किया गया। एआरओ द्वारा सम्बंधित विधानसभा के सेक्टर ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को बताया गया कि 6 मई को सुबह 7 बजे से मतदान दलों को ईवीएम मशीन सहित अन्य सामग्री का वितरण प्रारंभ होगा।

# मालगाड़ी हुई डी-रेल, 6 घंटे कोयला परिवहन रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पटरी से उतरा मालगाड़ी।

जुनाडीह साइडिंग से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के मध्य एक कोयला लोड मालगाड़ी डी-रेल हो गई। घटना के बाद रेलवे व एसईसीएल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। दुर्घटना के चलते लगभग छह घंटे रेल लाइन पर कोयला परिवहन बाधित रहा। इससे लाखों रुपये का नुकसान का अनुमान है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को जूनाडीह साइडिंग से मालगाड़ी के वैगनों में कोयला ढलान के बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे गेवरारोड रेलवे स्टेशन से पहले मालगाड़ी आगे चलकर दो वैगन के पहिए पटरी से उतर गए। कुछ दूरी पर जाने के बाद लोको पायलट को कुछ अनहोनी महसूस हुआ। उसने गाड़ी रोकी। तब तक बेपटरी मालगाड़ी लगभग 100 मीटर दूरी तक घसिटती रही। इससे रेल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना रेलवे व एसईसीएल के अफसरों को दी गई। घटना की सूचना के बाद अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। अधिकारी के साथ ही इंजीनियरिंग सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। डी-रेल हुए वैगनों को हटाया। इसके बाद रेल लाइन में सुधार का कार्य शुरू किया गया। कर्मचारियों की काफी मशक्कत के बाद लगभग छह से सात घंटे के बाद रेल लाइन बहाल की जा सकी। इस दौरान इस रेल लाइन से कोयला परिवहन बाधित रहा। बताया जा रहा है कि दुर्घटना से तीन से चार रैक कोयला परिहन नहीं हो सका। इससे प्रबंधन को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं है।




## पृष्ठ 1 का शेष

### बांगो जाने...

प्रतिशत अधिक दर पर टेंडर भरा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और सिंगल ठेकेदार व अधिक दर पर टेंडर भरने की वजह से ठेका निरस्त हो सकता है। जिससे ऐसा लग रहा है कि इस मार्ग बनने का रास्ता प्रशस्त नहीं हो पा रहा है। वर्षा ऋतु आने में महज एक महीना ही शेष है ऐसे में यह रास्ता बन पाना संभव नजर नहीं आ रहा है। पर्यटकों को बांगो डेम के नजारे को कैद करने के लिए फिर से लंबी दौड़ गुरसिया के रास्ते जाना पड़ेगा।

### पुरातत्व ...

टीम ने भवन का अवलोकन किया और नए कलेवर देने की रुपरेखा तैयार की। पीडब्ल्यूडी जैसे जैसे संग्रहालय भवन का अवलोकन करते आ रही थी उस दौरान उसे पूरा भवन ही जर्जर आने लगा था। एसडीओ राम नरेश दुबे सहित दो उप अभियंताओं की टीम ने भवन का बारिकी से निरीक्षण कर जब उसका स्टीमेट तैयार किया तो 60 लाख से अधिक पहुंचा। जिससे कलेक्टर को अवगत कराने के बाद बड़ा बजट होने के कारण इसे स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा गया है।

### एमएमडीआर...

चुनाव निपटने के बाद ही हो पाएगा। करतला के नार्थ व साउथ कोल ब्लॉक एमएमडीआर एक्ट से कोयला खनन करने प्राइवेट कंपनी को दी जाएगी। लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आने के बाद चुनाव आचार संहिता हटने के बाद कोल ब्लॉकों के आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह दूसरा अवसर, जब नीलामी की पेशकश यह दूसरा अवसर है जब कोयला मंत्रालय ने नीलामी के लिए करतला कोल ब्लॉक की पेशकश की है। इसके पहले जब इस कोल ब्लॉक को नीलामी सूची में शामिल किया गया है तो ग्रामीणों ने विरोध जताया था। करतला नार्थ और साउथ कोल ब्लॉक मांड रायगढ़ कोल फील्ड का हिस्सा है, जो करतला ब्लॉक में मांड नदी के दोनों ओर फैला हुआ है। सर्वे में कोल ब्लॉक में कोयले के ग्रेड का पता भी लगाया जाता है।

## कोरबा मार्केट






5 korba-pg2, 3_Layout 1 5/6/2024 12:23 AM Page 2



## खबर संक्षेप

### जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं: अजीत

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने प्रजातंत्र की मजबूती के लिये मतदान को आवश्यक बताते हुए कहा कि जागरूक मतदाता अच्छे जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को निष्पक्ष होकर और प्रलोभन से दूर रहकर मतदान करने जागरूक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को उनके वोट का महत्व को समझना होगा। मतदाता जागरूक होकर एवं मतदान में हिस्सा लेंगे तो एक बेहतर जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने क्षेत्र का बेहतर विकास भी करा सकते हैं। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने जिले में स्वीप द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अनेक जानकारी मिलने की बात कहते हुए कहा कि स्वीप की टीम का योगदान निर्वाचन के दौरान महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए वे जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं को जागरूक करें।

### सब्जियों के राजा आलू के बढ़े भाव हरी सब्जियों के दाम में राहत

**कोरबा।** सब्जियों का राजा कहे जाने वाला आलू के दाम इतने बढ़े है कि अब यह आम लोगों की थाली से दूर हो रहा है। मुड़ापार बाजार में आलू खुदरा बाजार में 35 रुपए किलो में बिक रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद वस्तुओं के भाव में अक्सर बढ़ोतरी होती है। इस बार चुनाव से पहले ही महंगाई लोगों को आर्थिक सेहत बिगाड़ रही है। इसका सीधा असर उनकी जेब पर पड़ रहा है। बाजार में जो हरी सब्जियां बिक रही हैं, उनके दाम सामान्य से ज्यादा है। बाजार पहुंचे लोग सब्जियों के दाम सुनकर ही हाय तौबा करने लगे। फूल गोभी 40 रुपए प्रति किलोग्राम की भाव पर बिका। टमाटर, बरबट्टी, सिमला मिर्च और बैगन के भाव भी लोगों को परेशान कर रहा है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि गर्मी की वजह से बाहर से हरी सब्जियों में फल-फूल आना कम हो गया है। लोकल सब्जियों के साथ-साथ बाहार से भी सब्जियां कोरबा के बाजार में आ रही है। लेकिन भाव इतना नहीं है कि हर वर्ग इन सब्जियों को खरीद सके। सब्जियों के बढ़ती किमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की परेशानी बढ़ा दी है।हरी सब्जियों के दाम बढ़े गए हैं, लेकिन बरबट्टी और भिंडी के दाम ने लोगों को थोड़ी राहत दी है। बाजार व किराना दुकानों में आलू 40 रुपए और प्याज 25 रुपए के दर से बिक रही है। लेकिन भिंडी के दाम अभी 20 से 30 रुपए प्रति किलो बना हुआ है। बाजार में लोकल भिंडी लगभग 30 रुपए किलो में बिक रही है।गर्मी के साथ ही हरी सब्जियों के दाम ने लोगों के कीचन का बजट बिगाड़ दिया है। आलू के भाव में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जो अब खुदरा बाजार में 35 से 40 रुपए प्रति किलोग्राम की भाव से बिक रहा है। आलू के बढ़ते दाम ने लोगों के जेब पर असर डालना शुरू कर दिया है। आलू के लिए उन्हें अधिक रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

### जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में सीसीटीवी द्वारा रखी जा रही है निगरानी

**सूरजपुर।** लोक सभा निर्वाचन को निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों में सीसीटीवी द्वारा निगरानी रखा जा रहा है जिसका ऑनलाइन निगरानी जिले में स्थापित वेबकास्ट कंट्रोल रूम से किया जाएगा। जिले द्वारा दो पाली में मतदान केंद्रों के सतत निगरानी हेतु दल गठन किया गया है, जिसकी प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ। सीसीटीवी निगरानी दल को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कंट्रोल रूम में मॉनिटर करने को बताया गया। जिले के कुल 728 मतदान केंद्रों का 50 प्रतिशत यानी 364 मतदान केंद्रों का सीसीटीवी द्वारा निगरानी किया जा रहा है।

### पानी विवाद पर ननंद व भाभी में मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** पानी को लेकर शुरू हुए विवाद पर ननंद व भाभी में हुए मारपीट मामले में पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 25 वर्षीय रोशनी यादव पति मटुकधारी कुशवाहा का रविवार को पानी भरने को लेकर सावित्री कुशवाहा पिता शिवलाल कुशवाहा के साथ विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों एक दूसरे को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दिए थे। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर मामले में धारा 294, 506, 323 के तहत कार्यवाही की है।

### बाइक समेत सड़क किनारे गिरे युवक, एक की मौत

**अम्बिकापुर।** चचेरे भाई के साथ शादी कार्ड बांट कर घर लौट रहे बाइक सवार रास्ते में अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम तरागी निवासी मुकेश नगेसिया आ. सोविन्द राम नगेसिया (22 वर्ष) गत शाम चचेरा भाई बुधराम के साथ शादी कार्ड बांटने ग्राम कमही चुआं गए थे। शाम को दोनो बाइक से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार कापू थाना अंतर्गत ग्राम कुम्ही कुआं के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गए जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को संजीवनी 108 से कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां देर रात मुकेश की मौत हो गई।

---

गर्मी में निगम ने शहरवासियों के लिए शुरू किया है वेबपुल

# वेबपूल शुरू होने के साथ ही मारामारी के हालात, भीतर जाने करनी पड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वेबपुल के बाहर लगी लंबी भीड़।

गर्मी के सीजन में नगर पालिका निगम का वेव पूल लोगों के लिए प्रारंभ हो गया है। इंसानों के द्वारा बनाए गए कृत्रिम समुद्र की लहरों का आनंद लेने के लिए यहां पहले ही दिन जमकर भीड़ इकट्ठी हुई और धक्का मुक्की जैसे हालात पैदा हो गए। इस बीच कुछ लोगों ने रुपए बचाने के लिए चोर दरवाजे का इस्तेमाल भी किया। यह तस्वीर कैमरे में कैद हुई है।

नगर निगम के द्वारा पिछले वर्षों में करोड़ों की लागत से विवेकानंद उद्यान को विकसित करने के साथ यहां नए आयाम पर काम किया गया। वेव पूल भी इसी कड़ी में शामिल है जो गर्मी के दिनों में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। सभी प्रकार के रखरखाव और सुधार करने के साथ अब निगम की ओर से वेव पूल को शुरू कर दिया गया। प्रति इकाई के लिए निगम ने 75 का शुल्क रखा है। काफी संख्या में यहां पहुंचे लोगों ने टिकट ली और इसके बाद उन्हें भीतर जाने के लिए गेट पर काफी मशक्कत करनी पड़ी। कोरबा नगर और आसपास के क्षेत्र से भी लोग गर्मी में स्नान करने का मजा लूटने के लिए यहां तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोरबा शहर का यह एक खास स्थान है इसलिए गर्मी के सीजन में एंजॉय करना जरूरी हो जाता है। इस दौरान कुछ लोग ऐसे भी नजर में आए जो शुल्क अदा कर वेव पूल की सुविधा लेने की मानसिकता में नहीं थे। उन्होंने दूसरे रास्ते से चढ़कर नीचे कूदने की योजना बनाई जिसे कैमरे ने कैद किया। याद रहे 3 वर्ष पहले इसी वर्लपूल में नहाने के दौरान कुछ बदमाश किस्म के युवकों ने अपनी हरकतों से पानी को गंदा कर दिया था और यह मामला सीएसईबी चौकी तक पहुंच गया था। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज भी किया है। इसलिए जो लोग वेव पूल में एंजॉय करने के इरादे से पहुंचते हैं उन्हें अपने आसपास के लोगों की हरकतों पर नजर रखने की जरूरत है।


बंद पड़ा हैंडपंप।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ रहा है। पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटपरा की पुरानी बस्ती में स्थित हैंडपंप एक साल से बंद पड़ा हुआ है,तो दूसरा 15 दिन बंद है। 15 दिन पहले से बंद पड़े हैंडपंप के पास में सोसाइटी भी स्थित है, जहां पर ग्रामीण राशन लेने पहुंचते हैं और प्यास लगने पर इस हैंड पंप से पानी उपयोग करते हैं। उसके बाद भी पंचायत द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। यह पंचायत की लापरवाहियों को उजागर करता है, जबकि ग्रामवासियों ने पंचायत का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। इसके बावजूद भी पंचायत द्वारा आज दिनांक तक हैंडपंप का सुधार कार्य नहीं करवाया गया। जिससे ग्रामवासी बहुत दूर स्थित कुएं पानी लाते हैं और अपनी प्यास बुझाते हैं। ग्रामीणों ने बिगड़े हैंड पंप तत्काल सुधार कार्य करवाने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच पति सोमपाल सिंह कंवर से बात करने पर उन्होंने बताया कि हैंडपंप का बोर नीचे गिर गया है, उसे निकलवाने के लिए किसी मैकेनिक बुलाकर सुधार कार्य कराया जाएगा। मैकेनिक कब तक आएगा इसकी जानकारी नहीं है।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से बिजली व्यवस्था बाधित, ग्रामीण हो रहे हलाकान


खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

ग्राम पंचायत पटपरा मोहल्ला डीडामौह में 5 दिन से ट्रांसफॉर्म खराब है। ट्रांसफॉर्म खराब होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। यहां न ही बिजली की व्यवस्था है और ना ही पेयजल की। इस ओर सरपंच सचिव कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। चैतमा में बिजली कार्यालय खेले 7 साल हो गया है, किंतु आज दिनांक तक यहां पर कोई भी अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। बिजली संबंधित शिकायत करने व समस्या का समाधान पाने ग्रामीणों को पाली का चक्कर लगाना पड़ता है। तब जाकर बिजली की समस्या का निराकरण हो पता है।

### 18 लाख के कबाड़ समेत दो ट्रक जब्त, 2 युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** अवैध कबाड़ के कारोबार को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत सरगुजा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उदयपुर पुलिस ने जांच के दौरान दो ट्रकों से 49 क्विंटल 860 किलो कबाड़ जब्त किया है जिसकी कीमत 18 लाख रुपए आंकी गई है जबकि पुलिस द्वारा दोनों ट्रकों को जब्त कर कुल 77 लाख 25 हजार 850 रुपए का मशरूका बरामद किया है। जब्त किए गए ट्रकों में चार व दो पहिया वाहनों के कटे हुए पाट्र्स, एंगल, लोहे का सामान सहित अन्य कबाड़ लोड था। बता दें कि सरगुजा जिले में अवैध रूप से कबाड़ तस्करी पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच उदयपुर पुलिस द्वारा रविवार को पेट्रोलिंग के दौरान सूरजपुर रोड सोनतराई चौक के समीप ट्रक क्रमांक ट्रक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 8913 को रोककर जब चालक से पूछताछ की तो उसके द्वारा गोल मोल जवाब दिया गया। चालक के पास ट्रक में लोड सामान की बिल्टी नहीं थी ऐसे में पुलिस ने जब ट्रक का तिरपाल हटाया तो उनके होश उड़ गए। ट्रक में भारी मात्रा में कबाड़ लोड था।

## ब्रेस्ट कैंसर लाइलाज नहीं, पर ठीक होने के लिए वक्त रहते पहचान बेहद जरुरी है : माहेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सक स्टॉफ व महिला मंडल सदस्य।

ब्रेस्ट कैंसर का दर्द पूरी तरह से दूर किया जा सकता है। यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं। पर वक्त रहते जांच और पहचान बेहद जरुरी है। अक्सर ऐसे मामले आते हैं, जिसमें सही समय पर डाइग्नोस नहीं होने से चिकित्सा देर से शुरु होती है और यह काबू से बाहर हो जाता है। इसलिए खासकर उस वर्ग की महिलाओं में सेहत के प्रति जागरुकता लाने की जरुरत है, जिन्हें अपने परिवार के लिए रोज की कड़ी मेहनत-मशक्कत के बीच यह आभास ही नहीं होता, कि उन्हें ऐसी भयावह बीमारी धीरे-धीरे जकड़ रही है। श्रम पर विश्वास रखने वाली ऐसी ही महिलाओं की जागरुकता व बेहतर सेहत पर केंद्रित करते हुए यह जांच शिविर एक अच्छी सोच का नतीजा है। यह बातें एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख सरित माहेश्वरी ने कहीं। यहां एनटीपीसी व मैत्री महिला समिति के संयुक्त सहयोग व एनटीपीसी चिकित्सालय के सीएमओ डॉ विनोद कोल्हाटकर के मार्गदर्शन में ब्रेस्ट कैंसर जांच शिविर का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि श्री माहेश्वरी ने इस शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह काफी अनुरणीय सोच का परिणाम है, जो एनटीपीसी टाउनशिप में कार्य करने वाली श्रमिक महिलाओं, सफाईमित्र, घरों में काम करने वाली ऐसी माताओं-बहनों को केंद्रित कर आयोजित किया जा रहा है, जिन्हें यह पता भी नहीं चल पाता कि वे स्वास्थ्यगत जिस परेशानी को नजंदाज करती आ रही हैं, वह उनके जीवन के लिए भी आगे चलकर खतरा बन सकता है। इस तरह से उन्हें शिविर के माध्यम से जागरुक तो किया ही जा रहा है, जांच के बाद अगर किसी में कोई लक्षण मिलते हैं, तो आगे चलकर पूरा उपचार भी उपलब्ध कराया जाएगा। एनटीपीसी चिकित्सालय के सीएमओ डॉ विनोद कोल्हाटकर के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित हो रहा। टाउनशिप में कार्यरत संविदा महिला कर्मियों, घरों में कार्य करने वाली सहायिकाओं को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई। स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा अर्चना दास और रेडियोलॉजिस्ट डॉ परिमिता हुरा ने महिलाओं का चिकित्सकीय व सोनोग्राफी परीक्षण किया। जांच शिविर के शुभारंभ के अवसर पर प्रबंधन की ओर से प्रमुख रुप से जीएम अर्नब मैत्रा, जीएम एसपी सिंह, जीएम मनीष साठे, वरिष्ठ चिकित्सक एवं स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा अर्चना दास, रेडियोलॉजिस्ट डॉ परिमिता हुरा, मैत्री महिला समिति की उपाध्यक्ष, श्रीमती मीता भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष एमएमएस, श्रीमती कीर्ति साठे, संयुक्त सचिव रश्मि भोई, कोषाध्यक्ष मधुमिता पांडा, बेहरा समेत अन्य उपस्थित रहे।

## नर्सिंग कॉलेज में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए।

जीएनएम इंस्टीट्यूट एण्ड हॉस्टल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा छात्राओं को विधिक जानकारी दिये जाने के प्रयोजनार्थ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सत्येन्द्र कुमार साहू जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण थे। उन्होंने कहा कि आप जो नर्सिंग का कार्य कर रहे हैं वे बहुत ही सामाजिक कार्य की तरह है, नर्स का काम बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य होता है, इसलिये आपको छोटे-मोटे आपके फील्ड से जुडे. कानून की जानकारी के साथ-साथ अन्य कानूनी जानकारी को जानना बहुत ही आवश्यक होता है। ज्ञान जितना अधिक होगा आप उतने अधिक मजबूत होंगे। श्रीमती गरिमा शर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा गया कि आपका नर्सिंग संबंधी जो कोर्स कर रहे है यह बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य है, इसमें लापरवाही नहीं होना चाहिये, कभी किसी भी प्रकार की अनजाने में गलती हो जाती है तो अपनी बात रखने की हिम्मत होनी चाहिये। कु. डिम्पल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा बताया गया कि आपको निःशुल्क विधिक सलाह/विधिक सहायता तहसील स्तर पर तालुका विधिक सेवा समिति, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य स्तर पर छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। जरूरतमंद व्यक्ति, महिला, बच्चे, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आपदा पीड़ति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य जिसकी आय डेढ़ लाख रूपये से कम है को प्रत्येक स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाता है। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य सुझा जॉन पीएलव्ही अहमद खान, गोपाल चन्द्रा एवं सतीश यादव उपस्थित थे।

### हत्या का आरोपी एक साल बाद गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** खाना नहीं देने पर युवक ने पत्नी की पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। एक वर्ष पूर्व महिला की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरान्त यह कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केपी अजिरमा निवासी 30 वर्षीया रंगुलिया पैकरा पति सनिक राम पैकरा को 9 मई 2023 को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान महिला की 11 मई को मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद पति सनिक राम पैकरा द्वारा घटना की सूचना अस्पताल पुलिस को गई थी। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया था। इस दौरान पीएम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण हत्यात्मक होने पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी।

## जनसेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य और मेरा संकल्प भीः ज्योत्सना


ज्योत्सना महंत।

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि तरह-तरह की बातें खासकर संविधान में बदलाव के लिए 400 पार का नारा भाजपा ने दिया है। इससे भाजपा की मंशा साफ है कि वह बहुमत में आकर अपनी मनमानी करना चाहती है जिससे देश और देश की जनता पर संवैधानिक व लोकतांत्रिक खतरा मंडराएगा। संविधान बचाने के साथ-साथ महंगाई, बेरोजगारी बहुत बड़ा मुद्दा है और इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मैं जनता के बीच जा रही हूं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत जी के मार्गदर्शन में हम अपनी बात प्रमुखता से रखे हैं।

उक्त बातें कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कही। उन्होंने कहा कि महंत परिवार राजनीति के जरिए जनता की सेवा करता आया है। जनसेवा को मैंने अपने जीवन का उद्देश्य बनाया है और इस हेतु संकल्प लिया है। इसकी पूर्ति के लिए सांसद के रूप में लगातार प्रयासरत रही हूं। मेरी कोई राजनैतिक महत्वाकांक्षा कभी नहीं रही और अपने ससुर स्व. बिसाहूदास महंत व पति डॉ. चरणदास महंत को अपना राजनीतिक आदर्श माना है। जनता का परस्पर स्नेह इस बार भी मिलेगा, ऐसा पूर्ण विश्वास है। हमारे कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इस चुनाव में डटे हुए हैं और निश्चित ही विजय होगी। श्रीमती महंत ने कहा कि दुर्ग से आई सरोज पाण्डेय 5 साल तक कोरबा की पालक सांसद के रूप में रहीं लेकिन लोकसभा के किसी भी गांव में उनका जाना नहीं हुआ। जहां वे गई हों, ऐसा कोई गांव रहा हो तो वे बताएं। रही सक्रियता की बात तो हम सब ढाई साल कोरोना से जूझते रहे। इसके बाद जो समय मिला उसमें उनकी सक्रियता लोगों के बीच बराबर बनी रही। राज्यसभा सांसद होने के बाद भी सरोज पाण्डेय की उपस्थिति और सक्रियता को लोकसभा के पोर्टल में देखा जा सकता है। संसद में जनहित के मुद्दों रेल, कोयला, भू-विस्थापितों की समस्याओं, शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था में वृद्धि तथा सुधार तथा किसानों के मामलों को लेकर शून्य काल से प्रश्न काल तक मेरी भूमिका बराबर रही है, लेकिन भाजपा नियती आरोप लगाने की बन गई है कि वे पार्लियामेंट की वेबसाइट को भी देखकर झूठ बोलते हैं।

रिश्तेदार युवक समेत चार लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## हॉस्टल से घर जाने निकली छात्रा का एक्सयूवी से अपहरण कर ले गए गोवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



हॉस्टल से बहन के घर जाने निकली छात्रा का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। बड़ी बात यह है कि घटना को देने वालों में दो आरोपी छात्रा के रिस्तेदार है। आरोपी छात्रा को घर छोड़ने के बहाने कार में बैठाकर गोवा ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्रा 15 जनवरी को अपने बहन के घर जाने के लिए हॉस्टल से निकली थी। इस दौरान बीच रास्ते में उसके रिश्तेदार व पहचान के युवक शुभम ने अंशु के मोबाइल से फोन किया और अपनी एक्सयूवी कार से घर छोड़ने की बात कही। ऐसे में जब युवती कार में बैठी तो उसमें शुभम और अंशु उर्फ अनुराग के साथ पुष्पराज व संजय भी मौजूद थे। चारों युवक छात्रा को जान से मारने की धमकी देकर जबरन अजिरमा से कार में बिठाकर गोवा ले गए जहां उन्होंने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। 22 जनवरी को आरोपी छात्रा को उसकी बहन के घर छोड़कर फरार हो गए थे जिसके बाद जब छात्रा से परिजन ने पूछताछ की तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। छात्रा ने घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर मनेन्द्रगढ़ खड़गवां बरदर शिवपुर निवासी 28 वर्षीय शुभम उजेरिया, 22 वर्षीय अंशु उर्फ अनुराग उजेरिया, मनेन्द्रगढ़ खड़गवां छापर पोड़ीडीह निवासी 27 वर्षीय संजय चौधरी, बिश्रामपुर करमपुर कुम्दा कालोनी निवासी 19 वर्षीय पुष्पराज लकड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को धारा 323, 366, 506, 376 (डी) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही 3 नग मोबाइल एवं घटना मे प्रयुक्त एक्सयूवी वाहन जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, एसआई रश्मि सिंह, एएसआई अजीत मिश्रा, राकेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, महिला आरक्षक भोली राजवाड़े, प्रिया रानी, आरक्षक अशोक यादव, अतुल सिंह, सतीश चौहान, अनिल सिंह, ऋषभ सिंह, घनश्याम देवांगन, सत्यम सिंह शामिल रहे।

## मिनी बस अनियंत्रित होकर पलटी, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- ग्राम भेड़िया स्थित मोड़ पर हुई दुर्घटना

ग्राम पंचायत सपड़ा अंतर्गत पहाड़ी पर बसे पहाड़ी कोरवा समुदाय के ग्रामीणों को लेकर सूरजपुर में आयोजित रैली में जा रही मिनी बस अनियंत्रित होकर ग्राम भेड़िया स्थित मोड़ पर पलट गई। दुर्घटना में 15 ग्रामीणों को चोटे आई हैं वहीं सिर में चोट लगने के कारण 3 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हैं।

घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। रविवार को सुबह 8 बजे स्कूल बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0601 पहाड़ी पर बसे ग्राम सरईपानी पहुंची थी। 15 सीटर मिनी बस में पहले से ही 10-12 ग्रामीण सवार थे। गांव में पहुंचने के बाद बस में पहाड़ी कोरवा समुदाय के 30 ग्रामीण सवार हो गए। ग्रामीणों को ठूंस-ठूंस कर भरने के बाद मिनी बस किसी तरह पहाड़ से उतरी तथा ग्राम भेड़िया स्थित मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। ओवर लोड बस के पलटते ही ग्रामीण चीखने-चिल्लाने लगे। उपस्थित ग्रामीणों ने तत्काल दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी तथा सवारों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तत्परतापूर्वक घायलों को अस्पताल भेजवाया। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने अन्य घायलों को बाहर निकाला तथा स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया।

5 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 5/6/2024 12:28 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### वोट का महत्व बताने रैली व नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कोरबा के जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रानी धनराज कुवर देवी चौक से मतदाता जागरूकता के प्रेरक गीतों एवं नारों का वाचन करते हुए रैली निकाली तथा वार्ड क्रमांक 4 दुरपा रोड इंदिरा नगर चौक के पास एक-एक वोट का महत्व समझाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत बहुमूल्य है, मतदान करना प्रत्येक मतदाता की नैतिक जिम्मेदारी है और उसे भय व प्रलोभन मुक्त होकर सभी धर्म, जाति वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए मतदान करना चाहिए यह बात समझाते हुए स्वयंसेवकों ने सात मई को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई एक साथ ले जाकर प्रातः 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक मतदान करने की अपील की। जिले के नागरिकों से स्वयंसेवकों ने आवाहन किया कि शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपनी भूमिका निभाए तथा मतदान अवश्य करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी ने कोरबा जिला के मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बनाए गए कोरबा कर मतदान गीत का सामूहिक गान करवाया व स्वयंसेवकों ने रंगोली तथा पोस्टर बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया।

### भारतीय मजदूर संघ ने मतदाताओं को किया जागरूक



**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन पूर्व एवं वितरण इकाई कोरबा द्वारा भारतीय संविधान के लोकतंत्र के पर्व पर वर्तमान लोकसभा चुनाव में लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जाग्रित करने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कालोनी में रैली निकालकर संदेश दिया गया। इस दौरान आमसभा में उपस्थित सदस्यों एवं आस पास के लोगों को राष्ट्रहित में मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान श्रीमती पूर्णिमा साहू, पुष्पा चौहान, सविता राठौर, श्याम सुंदर खूंटे,जी.पी.राजवाडे, सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता, संदीप राठौर, रविन्द्र राजवाड़े, गजेन्द्र कौशिक, सतीश साहू, देवानंद बढ़ई एवं अनेकों सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवंत राठौर ने किया। अंत में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री एवं महामंत्री नवरतन बरेठ ने आभार प्रदर्शन कर भारत माता के जयकारे से सभा समापन की घोषणा की।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें : मुखर्जी

**कोरबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल खरमोरा के प्राचार्य हेमन्तो मुखर्जी ने 7 मई को सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। श्री मुखर्जी ने कहा कि अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर हम सभी को मिला है। लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। मतदान एक ऐसी शक्ति है जो देश की दिशा और दशा दोनो को बदल सकती है और यह हमारा मूलभूत अधिकार और परम कर्तव्य भी है। अतः लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में अवश्य भाग लें।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई स्वीप की गतिविधियां

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देषन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत पाली के सीईओ भूपेन्द्र सोनवानी ने ग्राम खैराडूबान के ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्हें अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने ग्राम पंचायत अमलडीहा में आमजनों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए षपथ दिलाई।

## महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान केन्द्र बनाए गए, एक हजार कर्मचारी रखे गए रिजर्व

# आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी कराएंगे जिले में मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मतदान हेतु सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। जिले में 1087 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी-1, मतदान दल अधिकारी-2 एवं मतदान दल अधिकारी-3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। इसके अलावा 118 सेक्टर अधिकारी, 75 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। जिले में 8 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे। मतदान 7 मई को सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक संपन्न होगा। मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण 6 मई को आईटी कालेज झगरहा एवं मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। यहां आवश्यक व्यवस्थाएं भी कर ली गई है।

जिले में गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्र परिसरों में छाया, पेयजल, शौचालय, बिजली, फर्नीचर, रैम्प की सुविधाएं मुहैया कराई गई है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सभी 249 एवं अन्य तीन विधानसभा क्षेत्र के 30 सहित कुल 279 महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा 20 रामपुर अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 63 रजगामार, 64 रजगामार, 65 रजगामार, मतदान केंद्र क्रमांक 127 भैंसमा, 128 भैंसमा, 133 उरगा, 134 उरगा, 84 गोढ़ी, 169 जुनवानी और 94 कोरकोमा को महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा 22 कटघोरा अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 21 अमरपुर, 23 धवईंपुर, 24 ढेलवाडीह, 25 ढेलवाडीह, 33 कटघोरा, 36 कटघोरा, 40 कटघोरा, 44 नवागांव, 53 छुरीकला, 56 छुरीकला तथा विधानसभा पाली तानाखार अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 127, पोड़ी-उपरोड़ा, 129 कोनकोना, 130 कोनकोना, 183 सुतर्रा, 207 रंगोले, 104 गुरसिया, 105 गुरसियां, 260, 285 पाली, 286 पाली और मतदान केन्द्र क्रमांक 260 केराझरिया को महिला कर्मचारी प्रबंधित मतदान केंद्र बनाया गया है।

### चार दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले चारो विधानसभा क्षेत्र में एक-एक दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें 20 रामपुर विधान सभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 160 सरगबुंदिया, 21 कोरबा विधानसभा क्षेत्र के मतदान क्रमांक 92 पाढ़ीमार, 22 कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 80 बांकी और 23 पालीतानाखार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 258 सैला शामिल हैं। इन मतदान केन्द्रों में सभी मतदान दल अधिकारी-कर्मचारी दिव्यांग होंगे। मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में जाने से पूर्व सामग्री वितरण के दौरान प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

### कोरबा जिले में 9 लाख 36 हजार 783 मतदाता

कोरबा लोकसभा सीट में कुल आठ विधानसभा सीट है। जिसमें कोरबा जिले की चार विधानसभा सीट और मरवाही, कोरिया तथा भरतपुर-सोनहत और मनेन्द्रगढ़ की सीट शामिल है। कोरबा लोकसभा में कुल 2023 मतदान केंद्र और 16 लाख 18 हजार 864 मतदाता है। जिसमें आठ लाख तीन हजार 520 पुरूष तथा आठ लाख 15 हजार 292 महिला एवं 52 तृतीय लिंग मतदाता है। इस लोकसभा अंतर्गत सिर्फ कोरबा जिले में 37 तृतीय लिंग सहित रामपुर विधानसभा में दो लाख 24 हजार 860 मतदाता, कोरबा विधानसभा में दो लाख 62 हजार 242, कटघोरा में दो लाख 16 हजार 972 और पाली तानाखार में दो लाख 32 हजार 709 मतदाता और कुल 9 लाख 36 हजार 783 मतदाता है।

## प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र छात्राओं को फूल देकर किया गया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला चिकित्सालय परिसर में लोकसभा आम चुनाव अंतर्गत आम लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, मेडिकल/नर्सिंग छात्र-छात्राओं तथा मितानिनों के द्वारा मानव श्रृंखला बनाया गया तथा रैली निकालकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा द्वारा उपस्थित लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए मतदान अवश्य करें। सीएमएचओ डॉ केशरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। संविधान द्वारा प्रदत्त अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करते हुए शत प्रतिशत मतदान करें और बेहतर जनप्रतिनिधी का चुनाव करें। इस दौरान सीईओ श्री मिश्रा तथा सीएमएचओ द्वारा प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए पुष्पगुच्छ भेंटकर मतदान के लिए शुभकामना दी गई। इसी प्रकार डॉ गोपाल कंवर द्वारा सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा इस कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

**खास बात**

- जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित किया गया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

## बाइक रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली, मेहंदी से मतदाताओं को किया गया जागरूक



कलेक्टर ने गोढ़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में आमजनों को मतदान की महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में प्रशासन का लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान कराना है। इस हेतु आप सभी 7 मई को आगे बढ़कर मतदान करें एवं एक अच्छे जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। कोई भी व्यक्ति मताधिकार के उपयोग से वंचित नहीं रहे, इसलिए आप अपने साथ साथ अपने परिवार जन, सगे संबंधी, रिश्तेदार एवं आस पास के पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। ग्राम पंचायत गोढ़ी में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मुख्य आतिथ्य में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाईक रैली, मानव श्रृंखला, मेहंदी, रंगोली जैसी गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को मतदान में सक्रियता से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि हमें 5 साल में एक बार वोट कर बेहतर जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर मिलता है। साथ ही मतदान आगामी 5 वर्षो के लिए आपके एवं क्षेत्र के विकास का भविष्य निर्धारित करता है। इस हेतु आप सभी मतदान कर अपने योग्य उम्मीदवार का चयन करें। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा बुंदेली से गोढ़ी तक रैली निकालकर मतदान का महत्व बताते हुए अनिवार्य रुप से मतदान करने की अपील की गई। विद्यालय मैदान में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं, स्वास्थ्य विभाग, बिहान समूह की महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया।

### डोर-टू-डोर पहुंच रहे एनयूएलएम स्वच्छता दीदियां, दे रहीं जानकारी



**कोरबा।** एनयूएलएम कार्यकर्ता व महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं डोर-टू-डोर पहुंचकर अनिवार्य मतदान के संदेश मतदाताओं को दे रही हैं। मतदान केन्द्रवार मतदाता जागरूकता के इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं, जहॉं पर मतदाता अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं तो दूसरी ओर घर-घर जाकर स्वच्छता दीदियॉं मतदान हेतु मतदाताओं को न्यौता दे रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में लगातार चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान अब अपने चरम पर पहुंच गया है, एक ओर जहॉं मतदान केन्द्रवार इवेंट आयोजित कर मतदाताओं को इस अभियान के जोड़ा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मतदाता अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं। निगम की स्वच्छता दीदियॉं घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान का न्यौता देते हुए 7 मई को अनिवार्य रूप से वोट डालने का आग्रह कर रही हैं। इसी कड़ी में नगर निगम की स्वच्छता दीदियॉं घर-घर जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाताओं को मतदान हेतु न्यौता दे रही हैं।

### मतदाताओं को जागरूक करने बनाया गया सेल्फी पॉइंट



**चैतमा।** निर्वाचन अधिकारी कोरबा, जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा, अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर डॉ.मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक कोरबा प्रो.वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वंय सेवकों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा मतदान केंद्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। स्काउड गाइड ब्लॉक प्रभारी भगीरथी श्रीवास ने शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदाता मित्र वालेंटियर्स चैतमा, ईरफ, मॉंगामार, राजकम्मा, मानिकपुर, पटपरा, गोपालपुर, बम्हनी, साजा बहरी इत्यादि ग्राम पंचायत के मतदान केंद्रों में निःशक्त, गर्भवती महिलाओं, बड़े बुजुर्गों का मतदान के लिए सहयोग करेंगे। मतदाता मित्र अल्का कंवर, मनीषा नागदेव, निशा, राहुल आरमोर, मिथलेश, वीरेन्द्र कंवर, विनय दास, थानेश्वर पटेल,पीयूष तंवर, यवन्तिका देवांगन, प्रिंस प्रजापति, रजनी कंवर, विमलेश्वरी, चांदनी कंवर, माही मरकाम, तमन्ना, रोशनी, संध्या कंवर, सरस्वती मरकाम, हिमानी, दुर्गा, साक्षी, सुमन सेन, सुरभि धनवान, रोशनी कैवर्त, सोनिया मरकाम, रागनी, हेमलता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाजार में पीले चांवल के साथ मतदान का दिया गया न्योता



**कोरबा।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने दूरस्थ ग्राम पंचायत गुरमा के हाट-बाजार में दुकानदारों व ग्रामीणों को पीले चांवल देकर मतदान करने का न्योता दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चचिया एवं ग्राम पंचायत कुदमुरा में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली बनाई। इसी प्रकार जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हाथों में मेहंदी लगाकर तथा रंगोली बनाकर षत-प्रतिषत मतदान का संदेष दिया। इसके साथ ही स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्षित करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर गांव में रैली निकाली। ग्रामीण महिला-पुरुषों ने सामूहिक शपथ लेकर मतदान करना हमारा कर्तव्य है और इस कर्तव्य का निर्वहन हम सभी करें इसका संदेश ग्रामीणों को दिया।

### एनटीपीसी कोरबा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



**कोरबा।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप के अंतर्गत एनटीपीसी कोरबा आवासीय परिसर में 5 मई की सुबह 6:15 बजे मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोरबा सरित महेश्वरी की उपस्थिति रही। रैली आवासीय परिसर के अंबेडकर भवन के पास से प्रारंभ होकर विभिन्न प्रमुख स्थानों से गुजरते हुए वापस अंबेडकर भवन के पास समाप्त हुआ। शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य प्राप्ति हेतु आयोजित रैली में परियोजना प्रमुख एनटीपीसी कोरबा सहित सभी महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रमुख, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष, कमांडेंट सीआईएसएफ, युनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, बहुत अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं सीआईएसएफ के जवानों ने अपनी सहभागिता दर्ज करायी। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देश में एनटीपीसी कोरबा द्वारा लगातार आवासीय परिसर में बैनर पोस्टर एवं मतदाता जागरूकता हेतु प्राप्त वीडियो क्लीपस के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

### मतदान दिवस को सामान्य अवकाश घोषित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा चुनाव अन्तर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-4 कोरबा के लिए होने वाले मतदान तिथि 7 मई मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र में 7 मई को मतदान दिवस होने के कारण सामान्य अवकाश रहेगा।

### मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**कोरबा।** निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का तृतीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। लोकसभा चुनाव हेतु जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु 7 मई को मतदान किया जाएगा। कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर, 21 कोरबा, 22 कटघोरा, 23 पाली तानाखार व 24 मरवाही हेतु निर्वाचन कार्य पूर्ण कराने के लिए नियुक्त मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर का भी रेंडमाइजेशन किया गया।

### श्रीआर्या महिला समूह ने महिलाओं को बताया मतदान का महत्व



जमनीपाली के वार्ड क्र 51 के श्री आर्या महिला स्व सहायता समूह द्वारा लोकतंत्र के निर्माण मे अनिवार्य मतदान के लिये आस पास के लोगों को मतदान के महत्व को बताया जा रहा। अपने नैतिक जिम्मेदारी को निभाते हुए महिला समूह द्वारा आम लोगों को मतदान करने के लिये प्रेरित किया गया। श्री आर्या महिला समूह के सदस्य श्रीमती अंजू शरण, अन्नू तिवारी, सुनीता साहू, सरिता शर्मा एवं पूनम सिंह द्वारा लोगों को समय निकाल कर मतदान केंद्र जाकर मत का उपयोग कर अपनी जिम्मेदारी निर्वहन करने कहा गया।

## मतदान कार्य में बाधा डालने वाले पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारी के वैध निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है या दुर्व्यवहार करता है उसे किसी भी पुलिस अधिकारी या पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिकृत अन्य व्यक्तियों द्वारा उसके आदेश पर मतदान केंद्र से हटाया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति, जो किसी भी चुनाव में धोखाधड़ी से या अनधिकृत रूप से मतदान केंद्र से वोटिंग मशीन ले जाता है या ले जाने का प्रयास करता है या जानबूझकर ऐसे किसी कार्य को करने में सहायता करता है या उकसाता है। उसके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### मतदान केन्द्र में राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध

मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व किसी भी मतदान केन्द्र के 2 सौ मीटर परिधि में चुनावी प्रचार-प्रसार, राजनीतिक दल का प्रवेश निषेध रहेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, अधिकृत अधिकारी, पुलिस अधिकारी को छोड़कर मतदान केन्द्र के सौ मीटर की परिधि में मोबाईल फोन, वायरलेस आदि की अनुमति नहीं होगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र के आसपास शस्त्र धारण नहीं किया जाएगा। किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की वाहनों पर या किसी भी अन्य तरीके से लगे लाउड स्पीकरों का प्रयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

### मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित

मतदान दिवस 7 मई तक संपूर्ण दिवस शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवधि में कोरबा जिले में संचालित सभी देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा दुकानें तथा एफ.एल-3 होटल बार, और एफ.एल-3 क अनुज्ञाप्ति पूर्णतः बंद रहेंगे। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

### कलेक्टर एवं एसपी की उपस्थिति में कानून व्यवस्था पर हुई बैठक

# शांतिपूर्ण मतदान कराना सबका दायित्व: प्रेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चुनाव को लेकर प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस, राजस्व अधिकारी और केंद्रीय बलों का आपस में समन्वय हो।

बैठक के दौरान कलेक्टर वसंत और पुलिस अधीक्षक तिवारी ने जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को पुलिस तथा केन्द्रीय बलों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का बाधा पहुंचाने वालों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल की कंपनियां पहुंच चुकी है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर सुरक्षा बल लगाये जा रहे हैं।




बैठक लेते प्रेक्षक व कलेक्टर।

## 1087 मतदान केंद्रों में 544 कैमरे के निगरानी में

**कोरबा।** मंगलवार को होने जा रहे लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान संवेदनशील मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कुल 1087 मतदान केंद्रों में 544 मतदान केंद्र ऐसे सामने आए हैं जहां कैमरे की निगरानी में मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ये मतदान केंद्र संवेदनशील माने गए हैं। निष्पक्ष एवं स्वच्छ निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया कैमरे में रिकार्ड करने के निर्देश दिए हैं जो संवेदनशील केंद्र मानें गए हैं। कोरबा जिले के 8 विधानसभा अंतर्गत कुल 1087 मतदान केंद्र आते हैं जिनमें 7 मतदान केंद्र सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन 1087 मतदान केंद्रों में 544 मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में रहेंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि 544 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मतदान सुबह 7 बजे से 6 बजे तक कराया जाएगा। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में एक दिन पूर्व से ही पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।

### 1054 मतदाता मित्र मतदान केन्द्रों में देंगे सेवा

लोकसभा चुनाव के तहत 7 मई को मतदान दिवस पर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र में स्थित मतदान केन्द्रों में 1054 मतदाता मित्रों द्वारा सेवाएं दी जाएंगी। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय के दिशा- निर्देश पर मतदान केन्द्रवार मतदाता मित्रों को सूचीबद्ध पर तैनाती की गई है। जिला संगठन आयुक्त द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी एवं टीम द्वारा मतदाता मित्रों को सूचीबद्ध किए जाने का कार्य किया गया है।
















## आग्रह

सम्माननीय जन! सादर अभिवादन!!

देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर शत् प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करें! दिनांक 07 मई 2024 को तृतीय चरण में हमारे लोकसभा क्षेत्र कोरबा में मतदान होने जा रहा है! मतदान के दिन प्रातः स्वयं मतदान कर अपने आसपास के 10 परिवारों को मतदान के लिए प्रेरित करें!

सभी सम्मानिय जन से विनम्र आग्रह है कि उपरोक्त सूचना/निवेदन को स्वीकार कर शत् प्रतिशत मतदान के प्रयास में अपना योगदान देवें!

शत् प्रतिशत मतदान! राष्ट्र हित में मतदान!




शंकर पुरी-जिला अध्यक्ष कोरबा, के.बी.गौतम (प्रांतीय अध्यक्ष), प्रांतीय गोर्खाली समाज छत्तीसगढ


















5 korba-Bhoomi pg6_Layout 1 5/6/2024 12:25 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने वार्ड 15 के निवासियों को दिया मतदान का न्यौता

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में खाद्य विभाग द्वारा कोरबा शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने वार्ड क्रमांक 15 के निवासियों को लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान का न्यौता देकर सभी को अनिवार्य मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आमजनों को मतदान की महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करना आपका मौलिक अधिकार है, इसे नैतिक कर्तव्य समझकर निर्वहन करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। इस हेतु आप सभी मतदान कर अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान से हम अपने साथ साथ अपने क्षेत्र के विकास का भविष्य तय करते है। आपका वोट बहुमूल्य है इसका उपयोग निष्पक्ष मतदान कर योग्य उम्मीदवार के चयन में कीजिए। साथ ही कोई भी व्यक्ति मतदान करने से वंचित नही रहे इसलिए अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

### मतदान केन्द्र में किसी भी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित

**कोरबा।** मतदान केन्द्र में मोबाईल फोन, सैल्युलर फोन और किसी भी तरह की इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान केन्द्र या उसके 100 मीटर के भीतर ऐसे टोपी, शॉल, बैज, प्रतीक आदि की अनुमति नहीं होगी, जिस पर राजनीतिक दल, उम्मीदवारों या राजनीतिक नेताओं के नाम और उनके नारे, प्रतीक या उनका सचित्र प्रतिनिधित्व हो, जो किसी चुनाव लड़ने के लिए प्रचार के लिए हो सकते है उन्हें समान हो सकते हैं, अनुमति नहीं दी जाएगी।

### चिकित्सक के ऊपर चाय उड़ेलने वाली मेट्रन बर्खास्त

**कोरबा।** एसईसीएल द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी में पदस्थ मेट्रन दीपा दास को अभद्रता से संबंधित एक मामले में आखिरकार बर्खास्त कर दिया गया। दो वर्ष पुराने इस मामले की प्रबंधन द्वारा जांच की जा रही थी। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि जांच में सभी तथ्य मेट्रन के विरुद्ध मिले हैं, इसलिए नियम के अनुसार यह निर्णय लिया गया। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के प्रगति नगर में कंपनी की विभागीय डिस्पेंसरी संचालित है। यहां 17 जुलाई 2021 को उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी यूपी सिंह के साथ मेट्रन दीपा का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तब चाय देने के बहाने दीपा ने चिकित्सक के ऊपर चाय उड़ेल दी। इसके बाद मौके पर अभद्र व्यवहार किया। इससे वहां स्थिति खराब हो गई। डॉ. यूपी सिंह द्वारा इस बारे में प्रबंधन से शिकायत की गई थी। इस पर प्रबंधन ने कर्मचारी को नोटिस देते हुए जवाब देने को कहा था। 30 जुलाई को जारी किए गए नोटिस के परिपेक्ष में कर्मी की ओर से दिया गया उत्तर असंतोषजनक पाया गया। इस मामले में जांच आगे बढ़ाते हुए 54 बार बैठक की गई। इस दौरान 34 बार कर्मचारी की निवेदन पर मामले की तारीख आगे बढ़ाई गई। इन सबके बावजूद वह अपनी पक्ष में कोई ठोस प्रमाण नहीं रख सकी। इस पर दीपका क्षेत्र के उप महाप्रबंधक संचालन ने मामले को गंभीर श्रेणी का पाते हुए दीपा दास को सेवा नियम का हवाला देते हुए बर्खास्त कर दिया।

### खनिकों के लिए रोजाना 400 लीटर ठंडे आरओ पेयजल की सप्लाई



**कोरबा।** भीषण गर्मी को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र प्रबंधन ने खनिक कल्याण की दिशा में एक नयी पहल करते हुए खदान में अंदर तक ठंडा आरओ पेयजल पहुंचाने का निर्णय लिया है। इस हेतु प्रबंधन ने 20 लीटर ठंडे आरओ पेयजल के जार की सप्लाई हेतु कार्य आदेश जारी कर दिया है और खनन क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति शुरु भी हो चुकी है। हर शिफ्ट में लगभग पानी के 20 जार पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। खनन क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन न पहुँच पाने के कारण खनिकों को पानी के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कुसमुंडा प्रबंधन की इस पहल से अब खनिकों को उनके कार्यस्थल पर ही आसानी से ठंडा आरओ पेयजल मिल पाएगा जिससे भीषण गर्मी में भी उन्हें काम करने में सहूलियत होगी।

# मड़वारानी से चांग देवी की भूमि तक हुआ भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वृहद क्षेत्र में फैले कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय अपने धुंआधार चुनाव प्रचार, जनसंपर्क अभियान से जनता के दिल में छाप छोड़ने में सफल होती नजर आ रही हैं, उनके कार्य व्यवहार और अंदाज का असर आम लोगों के मन मस्तिष्क में भी जबरजस्त असर कर रहा है,चुनाव के ठीक पहले सरोज पांडेय के पक्ष में बना माहौल उनके जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा ऐसी संभावना नजर आ रही है।

**खास बात**

- मतदाताओं के साथ कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क साधने मे सफल हुई कोरबा लोकसभा की भाजपा उम्मीदवार सरोज

उल्लेखनीय है कि जिले में स्थानीय लोगों की श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक मड़वारानी माता स्थित हैं जबकि एमसीबी जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भरतपुर में मां चांग देवी का दरबार है,सरोज पांडेय ने इन दोनो क्षेत्रों तक जबरजस्त जनसंपर्क किया जो कि आज चर्चा का विषय है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट को गवाने के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इसे गंभीरता से लिया था,काफी लंबे समय से इस सीट पर पार्टी की अंदरूनी तैयारी भी चल रही थी,कई दावेदार इस सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार बैठे थे,लेकिन एन वक्त पर पार्टी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को इस महत्वपूर्ण सीट पर उम्मीदवार घोषित किया। इस बीच देखने में मिला कि कोरबा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से ही सरोज पांडेय ने पहले चरण में मंडल स्तर तक पहुंचने की कोशिश की। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया, आठों विधानसभा में अपने धुआधार दौरे से कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने एक संदेश देने की कोशिश किया कि वे क्षेत्र के लिए कुछ करना चाहती हैं,उनके मन में कुछ करने की ललक है वर्तमान दृश्य देखकर लगता है कि इसमें वे सफल भी हुई।

भाजपा प्रत्याशी ने प्रदेश नेतृत्व,स्थानीय संगठन,जनप्रतिनिधि के साथ भी कदम से कदम मिलाते हुए अपने चुनाव प्रचार को जोरदार रूप दिया है। पहली बार यह देखने में मिला कि चुनाव अभियान के बीच विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है तो वहीं प्रदेश में मोदी की गारंटी पूरा होने का दावा भी भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडेय के द्वारा किया जा रहा है।



जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय।

### मुद्दों को उठाने में सफल हुई सरोज पांडेय

भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति में अपना स्थान रखती हैं, अपने चुनावी दौरे में उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश और फिर लोकसभा स्तर के मुद्दों को मंच से जोरदार ढंग से उठाया, सांसद ज्योत्सना महंत पर निष्क्रिय रहने को भी उन्होंने प्रमुखता से सबके बीच रखा, परिवारवाद और भ्रष्टाचार के मुद्दे को भी उठाने में उन्होंने सफलता हासिल की।

### नेता से लेकर कार्यकर्ता सभी निकले मैदान में

7 मई को मतदान से पहले समूचे लोकसभा क्षेत्र में चुनाव पूर्व मजबूत प्रबंधन के बदौलत भाजपा नेता और कार्यकर्ता अब अपने अपने क्षेत्र में सक्रिय नजर आने लगे है। जगह जगह सभाएं, रैली के माध्यम से भाजपा प्रत्याशी की सोच, मोदी सरकार की योजनाएं, प्रदेश में विष्णु देव सरकार के अल्प कार्यकाल की उपलब्धि को भाजपाइयों ने जन जन तक पहुंचाने में भी सफलता हासिल की है। चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के बीच से अब भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल सुनने को मिल रहा है।

### 4 जिलों में हुआ जनसंपर्क

कोरबा लोकसभा 4 जिले में समाहित है,कोरबा,कोरिया, एमसीबी एवं जीपीएम। इन जिलों की 8 विधानसभा में सुश्री सरोज पांडेय ने जिस प्रकार दौरा किया उससे आज लोगों के बीच से यही आवाज आती है कि इतना दौरा किसी भी दूसरे प्रत्याशी ने नही किया यहां तक कि कांग्रेस प्रत्याशी जो कि वर्तमान में सांसद भी हैं,उन्होंने चुनाव तो क्या अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में भी उतना दौरा नही किया,सरोज पांडेय का यही अंदाज और कार्य करने की क्षमता का कार्यकर्ताओं के साथ आम मतदाताओं में खासा असर देखने को मिल रहा है।

### सरोज पांडेय ने मांगा आशीर्वाद

भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने मतदान के ठीक पहले सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल किया है, जिसमे उन्होंने कहा है कि मैं इस चुनाव में आपके आशीर्वाद और सहयोग की कामना के साथ आयी हूं। मैं आपके साथ रहकर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाउंगी। लोकतंत्र के इस पर्व में आपका एक वोट भारत की तस्वीर और तकदीर बनाएगी।

# चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने झोंकी ताकत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव के मतदान के प्रचार के अंतिम दिन भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय की प्रमुख उपस्थिति में हजारों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं आम जनमानस के द्वारा बाइक रैली निकालकर जो कोरबा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान में समाप्त हुई।

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर सरोज पांडेय को जिताने की अपील
- प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में कोरबा लोकसभा क्षेत्र का होगा सर्वांगीण विकास : सरोज पांडेय

बाइक रैली गौ माता सीतामणी से शुरू होकर, पुराना बस स्टैंड, पवन टॉकीज़ क्रॉसिंग, सोनालिया ब्रिज, ट्रांसपोर्ट नगर चौक सीएसईबी चौक जैन मंदिर चौक महाराणा प्रताप चौक घंटाघर चौक नेताजी सुभाष चौक से होते हुए कोसाबाडी चौक राजेंद्र प्रसाद नगर दशहरा मैदान पहुंचकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को लोकसभा सांसद प्रत्याशी सरोज पांडेय के द्वारा संबोधित करते हुए भाजपा की जीत सुनिश्चित कर केंद्र में नरेंद्र मोदी की तीसरी बार की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार के दौरान आम जनमानस का मिला अपार प्रेम और स्नेह मेरी जीत की गारंटी को सुनिश्चित करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्य और दूरगामी परिणाम वाले निर्णय के माध्यम से देश का हर वर्ग अपने आप को सुरक्षित मान रहा है और अपने आप को आत्मनिर्भर बना रहे ऐसी कई जनहित कार्य योजनाएं हैं जिससे हम सभी भली भांति रूप से वाकिफ हैं और इन योजनाओं के माध्यम से अंत्योदय के लक्ष्य को भी हम प्राप्त कर रहे हैं। सुश्री पांडेय ने कहा कि विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर हमारा विजन पूरी तरह स्पष्ट है हमने राजनीति में सुचिता और विश्वास का वातावरण बहाल किया है पिछले 100 दिनों में हमारे प्रदेश की विष्णु देव साय की सरकार के द्वारा कांग्रेस द्वारा पैदा किए भरोसे के संकट को दूर कर विश्वास की फिर से बहाली की है। सुश्री पांडेय ने आगे कहा कि मैं आप सभी से निवेदन करती हूं देश हित में मतदान अवश्य करें और मोदी जी की सरकार को तीसरी बार बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का अपना मत रूपी शुभ आशीष अवश्य प्रदान करें। आयोजित बाइक रैली में बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनाचार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक 14 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ एमपी नगर में निवास करने वाले राजकमल चौरसिया उम्र 19 वर्ष पिता सूर्यभान चौरसिया द्वारा उससे बातचीत जान-पहचान मिलना जुलना था जिससे किशोरी को पार्क में मिलने के लिए बुलाया और उसे कोरबा घुमाने के बहाने मोटरसायकल में बैठाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ अनाचार किया और किशोरी को मोटर सायकल में बैठाकर वापस उसके घर छोड़ दिया, जिसे किशोरी के भाई के द्वारा देख लेने पर घटना के बारे में पूछताछ किये जाने पर घटना जानकारी दी जिस पर घटना की रिपोर्ट थाना दर्री में आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया गया था। जिसकी विवेचना उपरांत धारा 376 भादिव एवं 4 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अभियोगपत्र माननीय न्यायालय श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) कटघोरा में प्रस्तुत किया गया। जहां माननीय न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात आरोपी राजकमल चौरसिया के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे धारा 376, 4 पाक्सो एक्ट के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास व 1000 रुपए से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश जायसवाल द्वारा पैरवी की गई है।

# तीन परीक्षा केंद्रों पर हुई नीट यूजी की परीक्षा, 1704 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली (एनटीए) द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट (यूजी) का आयोजन जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बालको, न्यू ईरा प्रोग्रेसिव स्कूल व सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में 5 मई को सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस परीक्षा में कोरबा अंचल व आसपास के क्षेत्र के पात्र 1751 परीक्षार्थियों में से 1704 परीक्षार्थी उपस्थित और 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला कोऑर्डिनेटर कैलाश पंवार ने इस परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए तीनों केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, स्टाफ सदस्यों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों, कोरबा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारियों, समाचार प्रतिनिधियों के साथ सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों का आभार जताया है।



परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी।

# जहां-तहां डंप कर रहे राखड़, बेल्हाडीह के ग्रामीणों ने खिलाफ में खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह-लवसरा

ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के ग्रामीणों ने गांव में डंप हो रहे राखड़ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के साथ कलेक्टर एवं एसडीएम को भी पत्र भेजा गया है।

**खास बात**

- अनापत्ति को निरस्त कर पिकनिक स्पॉट बनाए जाने की मांग

पत्र के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर द्वारा राखड़ के भराव हेतु की गई अनापत्ति को तत्काल निरस्त करने तथा उक्त स्थल को पिकनिक स्पॉट बनाए जाने की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर के द्वारा ग्राम पंचायत बेल्हाडीह तहसील नया बाराद्वार में फ्लाई एश राखड़ निपटान किए जाने की अनापत्ति जारी की गई है। इसके आड़ में उद्योगों द्वारा फ्लाई ऐश को पाटने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि क्षेत्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी सक्ती एवं कलेक्टर सक्ती से अनुमति लिया जाना आवश्यक है। इसके उल्लंघन के लिए पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत पावर जेनरेशन एवं परिवहन ठेकेदार पर तत्काल अभियोजन की कार्रवाई करने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। क्षेत्रीय कार्यालय की अनापत्ति उपरांत ग्राम पंचायत बेल्हाडीह एवं आसपास के ग्रामीणों में अत्यधिक आक्रोश उत्पन्न हो गया है, क्योंकि उक्त बंद पड़ी खदान से आसपास के कृषकों की कृषि जमीन करीब 100 एकड़ अपनी फसल हेतु निस्तारी होती है जिससे जल संरक्षण भी प्रभावित हो रहा है। जबकि ग्राम का वाटर लेवल बहुत नीचे जा चुका है। ऐसी स्थिति में बंद पड़ी खदान को पाटे जाने का निर्णय पूर्णतः गलत है। फ्लाई एस के पाटे जाने से अनेक परेशानियों एवं कठिनाई उत्पन्न होगी। गांव का पीने योग्य पानी दूषित हो चुका है जिससे गांव में आक्रोश की स्थिति निर्मित होती जा रही है और मामला वाद विवाद एवं मारपीट की स्थिति में भी पहुंच चुका है। इस संबंध में पूर्व में भी ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत की थी। ग्रामीणों के द्वारा जो शिकायत की गई है उसके अनुसार उद्योग द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली के जारी निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही फ्लाई ऐश परिवहन हेतु प्रयुक्त होने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम नहीं लगाया जा रहा है और ट्रांसपोर्टर स्वयं के लाभ के लिए निश्चित स्थान के अलावा अन्य जगहों पर पैसे लेकर अनाधिकृत राखड़ सड़कों के अगल-बगल में डाल रहे हैं। जिससे सड़कों में डस्ट उड़ रही है और आम जनता को विभिन्न प्रकार की बीमारी फैलने की आशंका बढ़ रही है। फ्लाई ऐश का परिवहन तारपोलिन से पूर्णतः कवर वाहनों द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिससे पूरे रास्ते भर डस्ट उड़ती है। ग्रामीणों ने जन सामान्य की भावनाओं को एवं ग्रामीण जनों की स्वास्थ्य एवं लाभ के लिए उक्त फ्लाई ऐश भराव पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है।



डंप किया गया राखड़।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता था संचालन

# श्रमिक बाहुल्य बस्ती में अब नजर नहीं आते झूला घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के श्रमिक बाहुल्य बस्तियों में कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों के लिए महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित किये जाने वाला झूला घर अब नजर नहीं आता।

विभाग की यह योजना स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाती थी। जो अब बंद पड़ी हुई है। झूलाघर से कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों को पोषण आहार के साथ मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाते थे। शहर के श्रमिक बाहुल्य बस्तियां जहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है ऐसे श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों को घर जैसा महौल देने जिसमें पोषण आहार मनोरंजन के लिए खेलकूद के साधन उपलब्ध कराने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से श्रमिक बाहुल्य बस्ती में झूला घर का संचालन महिला बाल विकास विभाग के द्वारा किया जाता था। जिसके लिए स्वयं सेवी संस्थाओं को विभाग के माध्यम से सरकार के द्वारा स्वीकृत राशि भी प्रदान की जाती थी। झूलाघर का संचालन सीतामणी बस्ती से लेकर शहर के मुड़ापार रामपुर बस्ती और पथर्रीपारा बस्ती में किया जाता था। इनके अलावा नगर निगम के बालको जोन अंतर्गत भदरापारा, पाड़ीमार, परसाभांठा इन तीन श्रमिक बाहुल्य बस्ती में संचालन स्वयं सेवी संस्थाएं किया करती थी। जहां कामकाजी महिला पुरुष के बच्चों का पंजीयन कराने के साथ यूनिसेफ के द्वारा दी जाने वाली सभी तरह के पूरक पोषण आहार भी प्रदान किए जाते थे। किंतु अब ये झूलाघर बंद कर दिए गए हैं। इसके पीछे विभाग के द्वारा यह कारण बताया गया कि श्रमिक बाहुल्य बस्ती में नया आंगनबाड़ी केंद्र शुरु होने के बाद झूला घर के संचालन का कोई औचित्य नहीं है।



फाइल फोटो

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411